झुकता है सारा संसार बाला जी थारे चरणों में

झुकता है सारा संसार बाला जी थारे चरणों में,
बाला जी थारे चरणों में........

तू शिव का अवतार निराला पवन पुत्र अंजनी का लाला,
गण करे जय जय कार बाला जी थारे चरणों में,
झुकता है सारा संसार बाला जी थारे चरणों में.....

रिद्धि सिद्धि के तुम हो ज्ञाता भक्तों का तू भाग्य विधाता,
खुशियों के भरे भांडर बाला जी थारे चरणों में,
झुकता है सारा संसार बाला जी थारे चरणों में.....

राम चन्द्र का सेवक प्यारा सीता माँ का राज दुलारा,
झके बड़ी बड़ी सरकार बाला जी थारे चरणों में,
झुकता है सारा संसार बाला जी थारे चरणों में.....

महाभारत की लड़ी लड़ाई अर्जुन की झंडी लहराई,
अनु का करो उध्दार बाला जी थारे चरणों में,
झुकता है सारा संसार बाला जी थारे चरणों में......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30616/title/jhukta-hai-sara-sansar-bala-ji-thaare-charno-me

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |